शिक्षक–शिक्षा विभाग

परिचय :

शिक्षा में गुणवत्ता के उन्नयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्राथमिक स्तर से उच्च माध्यमिक स्तर तक शिक्षा में गुणवत्ता के लिए शिक्षक–शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, शोध तथा सामग्री का विकास किया जाता है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्तर पर संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अनुश्रवण भी किया जाता है। इसके अलावा एन॰सी॰ई॰आर॰टी॰ नई दिल्ली से प्राप्त दिशा–निर्देशों के क्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन एवं फॉलोअप भी किया जाता है। विभाग द्वारा सेवापूर्व एवं सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से समन्वयन कर तैयार की जाती है।

शिक्षक–शिक्षा विभाग के अन्तर्गत अनुभाग निम्नवत हैं–

- सेवापूर्व अनुभाग
- प्रारम्भिक शिक्षा अनुभाग
- माध्यमिक शिक्षा अनुभाग
    - नवभारत साक्षरता कार्यक्रम
    - टीचर एक्सचेंज प्रोग्राम
    - राष्ट्रीय सम्मेलन
- शिक्षक–शिक्षा विविध
    - विद्यालय बचाव एवं सुरक्षा
    - संस्कृत भाषा : मोबाइल एप